Haryana Government Gazette

EXTRAORDINARY

Published by Authority

© Govt. of Haryana

No. 155-2026/Ext.] CHANDIGARH, THURSDAY, OCTOBER 8, 2026 (ASVINA 16, 1948 SAKA)

हरियाणा सरकार

खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले विभाग

अधिसूचना

दिनांक 8 अक्तूबर, 2026

संख्या एल.एम.–2026/प्रवर्तन/19662.— नियमों का निम्नलिखित प्रारूप, जिसे हरियाणा के राज्यपाल विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 (2010 का केन्द्रीय अधिनियम 1) की धारा 53 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा केन्द्रीय सरकार से परामर्श करने के बाद, बनाने का प्रस्ताव करते हैं तथा धारा 53 की उपधारा (4) द्वारा यथा अपेक्षित, इसके द्वारा, ऐसे व्यक्तियों की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है, जिनके इनसे प्रभावित होने की सम्भावना है;

इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है कि राजपत्र मे इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह की अवधि की समाप्ति पर या के बाद सरकार नियमों के प्रारूप पर, ऐसे आक्षेपों तथा सुझावों, यदि कोई हों, के साथ जो आयुक्त एवं सचिव हरियाणा सरकार, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा प्रारूप नियमों के संबंध में किसी व्यक्ति से इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति से पूर्व प्राप्त किए जाएं, विचार करेगी।

1. (1) ये नियम हरियाणा विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम, 2026 कहे जा सकते है। संक्षिप्त नाम, तथा प्रारम्भ।

(2) ये राजपत्र में इनके प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे।

2. (1) इन नियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,– परिभाषाएं ।

(क) "अधिनियम" से अभिप्राय है, विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 (2010 का केन्द्रीय अधिनियम 1);

(ख) "प्रशासकीय सचिव" से अभिप्राय है, प्रशासकीय सचिव, हरियाणा सरकार, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग;

(ग) "अपील प्राधिकारी" से अभिप्राय है,–

(i) नियंत्रक– यदि संबंधित विधिक माप विज्ञान अधिकारी द्वारा पारित आदेश के विरूद्ध अपील की जाती है;

(ii) प्रशासकीय सचिव– यदि नियंत्रक द्वारा पारित आदेश के विरूद्ध अपील की गई है;

(घ) "व्यासमापन" से अभिप्राय है, सभी प्रक्रिया, जो किसी बाट या माप की त्रुटियों के मान का निर्धारण करने और यदि आवश्यक हो, तो ऐसे बाट या माप के अन्य माप–वैज्ञानिकगुणों का निर्धारण करने के लिए आवश्यक हों और इसमें किसी बाट या माप के गेज–चिह्नों अथवा माप–चिह्नों की वास्तविक स्थिति अथवा कुछ मामलो में मापी जाने वाली मात्रा के संगत मान के सम्बन्ध में केवल कुछ प्रमुख चिह्नों का निर्धारण करना भी शामिल है;

(ङ) "निर्देश मानक प्रयोगशाला" से अभिप्राय है, केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित प्रयोगशाला, जहां निर्देश मानक, द्वितीयक मानक और कार्यकारी मानक अनुरक्षित किए जाते हैं;

(च) "पंजीकृत व्यक्ति" से अभिप्राय है, इन नियमों के नियम 5 के अधीन पंजीकृत विनिर्माता, मरम्मतकर्ता अथवा व्यवहारी;

(छ) "पंजीकरण प्राधिकारी" से अभिप्राय है, नियन्त्रक, विधिक माप विज्ञान, हरियाणा अथवा राज्य सरकार द्वारा नियुक्त कोई अधिकारी, जो उप नियन्त्रक, विधिक माप विज्ञान की पदवी से नीचे का न हो;

(ज) "अनुसूची" से अभिप्राय है, इन नियमों से संलग्न अनुसूची;

(झ) "बाट या माप का स्व–सत्यापन" से अभिप्राय है, ऐसे विनिर्माता, जो केन्द्रीय सरकार अथवा राज्य सरकार द्वारा सरकारी अनुमोदित परीक्षण केंद्र के रूप में अनुमोदित हैं, द्वारा निर्मित ऐसे बाट या माप के सम्बन्ध में इस अधिनियम अथवा इसके अधीन बनाए गए नियमों में यथा विहित रीति में बाट या माप का सत्यापन;

(ञ) "कुशल कर्मकार" से अभिप्राय है, ऐसा व्यक्ति, जिसको नियंत्रक द्वारा बाट या माप की मरम्मत हेतु कौशल प्रमाणपत्र जारी किया गया हो;

(ट) "राज्य सरकार" से अभिप्राय है, प्रशासकीय विभाग में हरियाणा राज्य की सरकार;

(ठ) "परीक्षण बाट या माप" से अभिप्राय है, ऐसे बाट या माप, जो केवल शुद्धता की दृष्टि से कार्यकारी मानक बाट या माप की प्रतिकृति हो;

(ड) "सत्यापन प्राधिकारी" से अभिप्राय है, नियंत्रक, विधिक माप विज्ञान हरियाणा, विधिक माप विज्ञान अधिकारी अथवा इस अधिनियम के अधीन केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित सरकारी अनुमोदित परीक्षण केन्द्र।

(2) इन नियमों में प्रयुक्त तथा अपरिभाषित किन्तु उक्त अधिनियम अथवा इसके अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाए गए नियमों में परिभाषित शब्दों और अभिव्यक्तियों के वही अर्थ होंगे, जो क्रमशः उक्त अधिनियम अथवा उसके अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा बनाए गए नियमों में उन्हें दिए गए हैं।

कतिपय मामलों में बाट, माप या संख्या का उपयोग।

(धारा 10)

3. पैकेट में रखी वस्तुओं से भिन्न किसी माल, माल के वर्ग अथवा वचनबद्धता के सम्बन्ध में कोई संव्यवहार, व्यवहार या संविदा, अनुसूची 1 में यथा विनिर्दिष्ट वजन, माप या संख्या के अनुसार की जाएगी।

जब्त किए गए बाट या माप आदि का निपटान करना।

[धारा 16(1)]

4. (1) किसी भी असत्यापित और/या अस्टाम्पित बाट या माप को उस व्यक्ति को वापस कर दिया जाएगा, जिससे ऐसा बाट या माप जब्त किया गया था, यदि विधिक माप विज्ञान अधिकारी उस व्यक्ति के अपराध का प्रशमन कर देता है और ऐसा सत्यापन और/या स्टाम्पन करवाने के लिए अनुसूची–IV में विनिर्दिष्ट सत्यापन और/या स्टाम्पन फीस सहित नियम 14 के उपनियम (3) में विनिर्दिष्ट अतिरिक्त फीस के भुगतान पर ऐसे बाट और माप की वापसी के पन्द्रह दिन के भीतर उनका सत्यापन और स्टाम्पन करवाया जाता है।

(2) अधिनियम की धारा 15 के अधीन जब्त और निरूद्ध किए गए किसी भी बाट या माप या वस्तु या माल (खराब होने वाले/शीघ्र प्राकृतिक क्षय या अन्यथा) या सम्बन्धित दस्तावेज, जो किसी न्यायालय में कार्यवाही अथवा सम्भाव्य कार्यवाही के अध्यधीन हैं, और न्यायालय के समक्ष विधिक माप विज्ञान अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किए जाने हैं, को न्यायालय में कार्यवाहियों के निष्कर्ष के बाद विधिक माप विज्ञान अधिकारी द्वारा अपने कब्जे में लिया जाएगा और न्यायालय के आदेशों के अनुसार कार्यवाही की जाएगीः

परन्तु न्यायालय के आदेशों के अभाव में, बाट या माप या वस्तु या माल (खराब होने वाले/शीघ्र प्राकृतिक क्षय या अन्यथा) या सम्बन्धित दस्तावेजों के सम्बंध में नियंत्रक द्वारा किए गए विशेष आदेश में निर्दिष्ट निर्देश के अनुसार कार्यवाही की जाएगी और उसकी सामग्री बेची जाएगी और आगमों को राज्य सरकार के पास जमा करवाया जाएगाः

परन्तु यह और कि यदि वह व्यक्ति, जिसने अपराध किया है, जब्त/निरूद्ध विवरणी पर हस्ताक्षर करने से इनकार करता है, तो विधिक माप विज्ञान अधिकारी को अपचारी व्यक्ति द्वारा ऐसी इनकारी के समय पर उपस्थित कम से कम दो व्यक्तियों के हस्ताक्षर प्राप्त करने चाहिए। अपचारी व्यक्ति को लौटाए गए माल के मामले में, वह वचन देगा कि वह दोषपूर्ण माल को उसके दोषों को सुधारे बिना नहीं बेचेगाः

परन्तु यह और कि नियंत्रक या उस द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत अधिकारी यह निर्णय करने के लिए अंतिम प्राधिकारी होगा कि जब्त और निरूद्व किया गया माल त्वरित या प्राकृतिक क्षय के अध्यधीन है।

(3) जहां अधिनियम की धारा 15 की उपधारा (1) के अधीन जब्त किए गए माल, त्वरित या प्राकृतिक क्षय के अध्यधीन नहीं हैं, तो विधिक माप विज्ञान अधिकारी, अपराची व्यक्ति और उसके अभिकर्ता या अन्य व्यक्ति, जिसने अपराध किया है, को नियन्त्रक द्वारा यथा विनिर्दिष्ट ऐसी जब्ती का नोटिस देने के बाद, अधिनियम के अधीन अभियोजन के प्रयोजन के लिए माल को रख सकता है।

(4) उप–नियम (2) और (3) में निर्दिष्ट मालों, जो किसी न्यायालय में कार्यवाही अथवा सम्भाव्य कार्यवाही के अध्यधीन नहीं हैं, का निपटान, उपरोक्त मालों की जब्ती के दिन से नब्बे दिन की समाप्ति के बाद, नियंत्रक द्वारा किए गए सामान्य या विशेष आदेश में निर्दिष्ट निर्देशों के अनुसार किया जाएगा।

विनिर्माताओं, मरम्मतकर्ताओं और व्यवहारियों का पंजीकरण।
[धारा 23 (2)]

5. (1) प्रत्येक विनिर्माता, मरम्मतकर्ता या व्यवहारी पंजीकरण प्राधिकारी को पंजीकरण प्रमाणपत्र के अनुमोदन के लिए अनुसूची-V में यथा विनिर्दिष्ट पंजीकरण फीस के साथ अनुसूची–II, III या IV, जैसी भी स्थिति हो, में आवेदन प्रस्तुत करेगाः

परन्तु यदि मरम्मतकर्ता के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदक वैयक्तिक से भिन्न है, तो आवेदक द्वारा स्वामी/भागीदार/ निदेशक/सदस्य/ कर्मचारी, जैसी भी स्थिति हो, के संबंध में नियंत्रक द्वारा अनुसूची–III के अनुसार जारी कौशल प्रमाणपत्र की प्रति पंजीकरण के लिए आवेदन करते समय दिया जाएगाः

परन्तु यह और कि आवेदक के पंजीकरण के समय पर इस प्रकार उल्लिखित कौशल प्रमाणपत्र के विवरण में परिवर्तन, यदि कोई हो, के मामले में उसे पंजीकरण प्राधिकारी को सूचित किया जाएगा, जिसमें विफल रहने पर पंजीकरण रद्द किया गया समझा जाएगाः

परन्तु यह और कि किसी विनिर्माता द्वारा निर्मित किसी बाट या माप, जिसका निर्माण हरियाणा राज्य से भिन्न किसी अन्य राज्य में किया जाता है और उसका उपयोग हरियाणा राज्य में भी किया जाता है, की मरम्मत करने के लिए विनिर्माता द्वारा उसका पंजीकरण करवाने की आवश्यकता नहीं होगी, किन्तु विनिर्माता को मरम्मत करने के बारे में सम्बन्धित विधिक माप विज्ञान अधिकारी को अग्रिम में सूचित करना होगाः

परन्तु यह और कि ऐसे विनिर्माता, मरम्मतकर्ता या व्यवहारी, जो हरियाणा विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन), नियम 2011 के अधीन अनुज्ञप्तिधारक हैं, को इन नियमों के राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से छह मास के भीतर पंजीकरण प्राधिकारी को पंजीकरण प्रमाणपत्र के अनुमोदन के लिए अनुसूची-V के अनुसार पंजीकरण फीस के साथ अनुसूची–II, III या IV जैसी भी स्थिति हो, में आवेदन प्रस्तुत करना होगाः

परन्तु यह और कि पूर्व में प्राप्त की गई अनुज्ञप्ति के संबंध में भुगतान की गई राशि का समायोजन अनुज्ञप्ति की शेष अवधि की सीमा तक किया जाएगा।

(2) पंजीकरण प्राधिकारी, उप–नियम (1) में आवेदन प्राप्त होने पर, विनिर्माता, मरम्मतकर्ता या व्यवहारी, जैसी भी स्थिति हो, को अनुसूची–VI, VII या VIII जैसी भी स्थिति हो, में पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करेगा।

(3) पंजीकरण प्रमाणपत्र में परिवर्तन या प्रतिलिपि पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करने के लिए फीस, अनुसूची-V के अनुसार पंजीकरण फीस का आधा होगी।

(4) इन नियमों के अधीन पंजीकृत प्रत्येक मरम्मतकर्ता द्वारा अनुसूची-IX के अनुसार धनराशि, प्रत्येक पंजीकरण प्रमाणपत्र के लिए राज्य सरकार के पास प्रतिभूति के रूप में जमा करवाई जाएगी।

(5) पंजीकरण प्राधिकारी, इन नियमों के अधीन पंजीकृत विनिर्माताओं, मरम्मतकर्ताओं और व्यवहारियों का अनुसूची-X के अनुसार एक रजिस्टर बनाए रखेगा।

(6) इन नियमों के अधीन पंजीकृत प्रत्येक विनिर्माता, मरम्मतकर्ता या व्यवहारी, पंजीकरण प्रमाणपत्र के निबन्धनों और शर्तों अथवा नियंत्रक द्वारा जारी किए गए किन्हीं सामान्य या विशेष निर्देशों और शर्तों के अनुसार ऐसी कार्यशाला/उपकरण/औजार/ रजिस्टर इत्यादि बनाए रखेगा।

(7) इन नियमों के अधीन जारी किए गए प्रत्येक पंजीकरण प्रमाणपत्र को पंजीकृत व्यक्ति द्वारा उस परिसर, जहां पंजीकृत व्यक्ति व्यवसाय करता है, में किसी सहजदृश्य स्थान पर प्रदर्शित किया जाएगा।

(8) इन नियमों के अधीन जारी किया गया पंजीकरण प्रमाणपत्र न तो बिक्री योग्य होगा और न ही हस्तान्तरण योग्य होगा।

(9) जहां इन नियमों के अधीन किसी भी पंजीकृत व्यक्ति के व्यवसाय को उत्तराधिकार, निर्वसीयत या वसीयती, वारिस या वसीयतदार, जैसी भी स्थिति हो, के द्वारा हस्तान्तरित किया जाता है, तो ऐसे व्यक्ति का उत्तराधिकारी या विधिक वारिस, जैसी भी स्थिति हो, ऐसा व्यक्ति या तो उसके अपने नाम से या किसी अन्य के नाम से तब तक व्यवसाय नहीं करेगा जब तक ऐसे हस्तान्तरण की तिथि के बाद साठ दिन की अवधि की समाप्ति से पूर्व उत्तराधिकारी या विधिक वारिस, नियंत्रक को इन नियमों के अनुसार पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करने के लिए आवेदन नहीं करता है:

परन्तु इस नियम की कोई भी बात, उपरोक्त साठ दिन की अवधि के लिए पंजीकृत व्यक्ति के रूप में व्यवसाय करने के लिए उत्तराधिकारी या विधिक वारिस को प्रतिषिद्ध करने वाली नहीं समझी जाएगी और यदि वह ऐसे पंजीकरण के लिए आवेदन करता है, तो जब तक नियंत्रक द्वारा पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान नहीं किया जाता है या अनुसूची-XI में निर्दिष्ट प्ररूप में लिखित रूप में नोटिस द्वारा सूचित नहीं किया जाता है, कि ऐसा पंजीकरण उसको प्रदान नहीं किया जा सकताः

परन्तु यह और कि जहां इन नियमों के अधीन किसी भी पंजीकृत व्यक्ति का व्यवसाय बिक्री, उपहार, पट्टे या अन्यथा द्वारा हस्तान्तरित किया जाता है, वहां अन्तरिती या पट्टेदार, जैसी भी स्थिति हो, ऐसे व्यवसाय को या तो उसके अपने नाम से या किसी अन्य व्यक्ति के नाम से तब तक नहीं करेगा जब तक उसने ऐसे व्यवसाय को करने के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्र प्राप्त न कर लिया हो।

कौशल प्रमाण पत्र।
[धारा 23 (2)]

6. (1) विनिर्माता, जो केवल उसके द्वारा निर्मित बाट या माप की मरम्मत करता है, से भिन्न ऐसा व्यक्ति, नियंत्रक को अनुसूची–XII के अनुसार फीस के साथ अनुसूची–XIII में कौशल प्रमाणपत्र जारी करवाने के लिए आवेदन करेगाः

परन्तु कोई भी व्यक्ति बाट या माप की मरम्मत करने के लिए कौशल प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए तब तक पात्र नहीं होगा जब तक वह नियंत्रक द्वारा समय–समय पर जारी किए गए सामान्य या विशेष आदेशों में विनिर्दिष्ट शैक्षणिक योग्यताएं, तकनीकी सक्षमता नहीं रखता हो और ऐसे निबन्धन और शर्तों को पूरा नहीं करता हो।

(2) नियंत्रक, उप–नियम (1) में आवेदन प्राप्त होने के बाद, मरम्मतकर्ता को अनुसूची–XIV में कौशल प्रमाणपत्र जारी करेगा।

अभिलेखों और रजिस्टरों को बनाए रखना।
(धारा 17)

7. इन नियमों के अधीन पंजीकृत प्रत्येक विनिर्माता, मरम्मतकर्ता या व्यवहारी अनुसूची-XV, XVI या XVII जैसी भी स्थिति हो, में अभिलेखों और रजिस्टर बनाए रखेगा और नियन्त्रक को अनुसूची-XVIII, XIX या XX जैसी भी स्थिति हो, में प्रत्येक तिमाही के अनुवर्ती मास के दसवें दिन तक त्रैमासिक, नियतकालिक रिर्पोर्ट/विवरणी प्रस्तुत करेगा।

पंजीकरण का निलंबन और प्रतिसंहरण।
धारा 23 (2)

8. (1) नियंत्रक या इस निमित्त उस द्वारा प्राधिकृत ऐसा अन्य अधिकारी, यदि विश्वास का ऐसा कारण रखता है कि इन नियमों के अधीन जारी किए गए किसी पंजीकरण प्रमाणपत्र के धारक ने ऐसा पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करने के लिए किसी भी आवेदन में या उसके संबंध में कोई कथन किया है, जो किसी तात्विक विशिष्टियों में गलत या असत्य है या किसी विधि या अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए किसी भी नियम या किए गए आदेश के किसी भी उपबन्ध का उल्लंघन करता है, तो ऐसे पंजीकरण प्रमाणपत्र के धारक के विरूद्ध जांच के पूरा होने तक ऐसे पंजीकरण को निंलबित कर सकता हैः

परन्तु ऐसा पंजीकरण प्रमाणपत्र तब तक निलंबित नहीं किया जाएगा जब तक उसके धारक को अनुसूची- XXI के अनुसार प्रस्तावित कार्रवाई के विरूद्ध कारण बताने के लिए युक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया होः

परन्तु यह और कि जहां इस उप–नियम में निर्दिष्ट जांच, पंजीकरण प्रमाणपत्र के निलंबन की तिथि से तीन मास की अवधि के भीतर पूरी नहीं की जाती है, तो ऐसा निलम्बन पूर्वोक्त अवधि की समाप्ति पर रद्द हो जाएगा।

(2) नियंत्रक या इस निमित्त उस द्वारा प्राधिकृत ऐसा अन्य अधिकारी, यदि ऐसी जांच, जो वह उचित समझे, करने के बाद संतुष्ट हो जाता है कि पंजीकरण प्रमाणपत्र के धारक ने उप–नियम (1) में निर्दिष्ट स्वरूप का मिथ्या या गलत बयान दिया है, या उक्त उप–नियम में यथा निर्दिष्ट विधि के उपबंधों का उल्लंघन किया है, तो वह ऐसे पंजीकरण का प्रतिसंहरण करेगाः

परन्तु ऐसा कोई पंजीकरण तब तक रद्द नहीं किया जाएगा जब तक कि उसके धारक को अनुसूची-XXI के अनुसार प्रस्तावित कार्रवाई के विरूद्ध कारण बताने का युक्तियुक्त अवसर नहीं दिया गया हो।

(3) प्रत्येक व्यक्ति, जिसका पंजीकरण निलंबित कर दिया गया है, ऐसे निलंबन के तुरन्त बाद, पंजीकृत व्यक्ति के रूप में कार्य करना बंद कर देगा और तब तक व्यवसाय दोबारा शुरू नहीं करेगा जब तक कि ऐसे निंलबन के आदेश को रद्द अथवा अभिशून्य, जैसी भी स्थिति हो, नहीं कर दिया जाता है।

(4) प्रत्येक पंजीकृत व्यक्ति, जिसका पंजीकरण प्रतिसंहरित कर दिया गया है, ऐसे प्रतिसंहरण की तिथि से साठ दिन की अवधि के भीतर या नियंत्रक या इस निमित्त उस द्वारा प्राधिकृत ऐसे अन्य अधिकारी द्वारा, पर्याप्त कारण दर्शाये जाने पर, ऐसी अतिरिक्त अवधि के भीतर, जो तीन मास से अधिक न हो, बाट या माप, जो ऐसे प्रतिसहंरण की तिथि को उसके कब्जे, अभिरक्षा या नियन्त्रण में था, को अनुमत करेगा अथवा का निपटान करेगा और ऐसा करने में असफल रहने पर, नियंत्रक या उस द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी, लिखित में बाट या माप को जब्त कर सकेगा और उसका निपटान कर सकेगा और उसकी आगमों को नियंत्रक द्वारा यथा विनिर्दिष्ट अनुसार वितरित कर सकेगाः

परन्तु पंजीकृत व्यक्ति द्वारा नियंत्रक या राज्य सरकार, जैसी भी स्थिति हो, को ऐसे प्रतिसंहरण की तिथि से साठ दिन के भीतर अपील की गई हो और यदि इस प्रकार की गई अपील में राहत दी गई है, तो उपनियम (4) के अनुसार कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

निर्देश, द्वितीयक तथा कार्यकारी मानकों/मानक तुलाओं का अनुरक्षण । धारा 24(1)

9. (1) निर्देश मानक– निर्देश मानकों को विधिक माप विज्ञान (राष्ट्रीय मानक) नियम, 2011 के अधीन यथा विहित ऐसे स्थान पर, ऐसी रीति में और ऐसी अभिरक्षा में रखा जाएगा।

(2) द्वितीयक मानक,–

(क) द्वितीयक मानकों को ऐसे स्थान पर, ऐसी रीति में तथा ऐसी अभिरक्षा में रखा जाएगा, जो नियंत्रक द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए;

(ख) द्वितीयक मानकों की संख्या, किस्म एवं विनिर्देश ऐसे होंगे, जो विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 में यथा विहित हैं;

(ग) प्रत्येक द्वितीयक मानक का सत्यापन, विधिक माप विज्ञान (राष्ट्रीय मानक) नियम, 2011 के अधीन यथा विहित रीति में और ऐसे नियतकालिक अंतरालों पर किसी निर्देश मानक प्रयोगशाला में कराया जाएगा और यदि ऐसे सत्यापन पर वे अधिनियम द्वारा अथवा के अधीन स्थापित मानकों के अनुरूप पाए जाते है, तो, यथास्थिति, उन्हें स्टाम्पित किया जा सकेगा अथवा सत्यापन प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

(3) कार्यकारी मानक,–

(क) कार्यकारी मानकों को विधिक माप विज्ञान अधिकारी की अभिरक्षा में रखा जाएगा;

(ख) कार्यकारी मानकों की संख्या, किस्म एवं विनिर्देश ऐसे होंगे, जो विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 में यथा विहित हैं;

(ग) प्रत्येक कार्यकारी मानक का सत्यापन, विधिक माप विज्ञान (राष्ट्रीय मानक) नियम, 2011 के अधीन यथा विहित रीति में और ऐसे नियतकालिक अंतरालों पर किसी निर्देश मानक प्रयोगशाला या द्वितीयक मानक प्रयोगशाला में कराया जाएगा और यदि ऐसे सत्यापन पर वे अधिनियम द्वारा अथवा के अधीन स्थापित मानकों के अनुरूप पाए जाते है, तो, यथास्थिति, उन्हें स्टाम्पित किया जा सकेगा अथवा सत्यापन प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

(4) द्वितीयक मानक तुला,–

(क) प्रत्येक ऐसे स्थान पर, जहाँ द्वितीयक मानक बाट रखे जाते हैं, द्वितीयक मानक तुलाओं का एक सेट अनुरक्षित किया जाएगा;

(ख) द्वितीयक मानक तुलाओं की संख्या, किस्म एवं विनिर्देश ऐसे होंगे, जो विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 में यथा विहित है;

(ग) प्रत्येक द्वितीयक मानक तुला का सत्यापन बारह मास की अवधि में कम–से–कम एक बार किया जाएगा तथा यदि आवश्यक हो, तो उसे अधिनियम में विहित सुग्राहिता तथा अन्य माप वैज्ञानिक गुणों की सीमाओं के भीतर उसे सही करने हेतु निर्देश मानक प्रयोगशाला द्वारा अथवा नियंत्रक या इस निमित उस द्वारा प्राधिकृत किसी ऐसे अन्य अधिकारी द्वारा व्यवस्थित की जाएगी।

(5) कार्यकारी मानक तुला,–

(क) प्रत्येक ऐसे स्थान पर, जहाँ कार्यकारी मानक बाट रखे जाते हैं, कार्यकारी मानक तुलाओं का एक सेट अनुरक्षित किया जाएगा;

(ख) कार्यकारी मानक तुलाओं की संख्या, किस्म एवं एवं विनिर्देश ऐसे होंगे, जो विधिक माप विज्ञान(सामान्य) नियम, 2011 में यथा विहित हैं;

(ग) प्रत्येक कार्यकारी मानक तुला का सत्यापन बारह मास की अवधि में कम–से–कम एक बार किया जाएगा तथा यदि आवश्यक हो, तो उसे विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 में विहित सुग्राहिता तथा अन्य माप वैज्ञानिक गुणों की सीमाओं के भीतर सही करने हेतु निर्देश मानक प्रयोगशाला द्वारा अथवा किसी ऐसे स्थान पर, जहाँ द्वितीयक मानक अनुरक्षित किए जाते हैं, व्यवस्थित की जाएगी।

बाट या माप की भौतिक विशेषताएँ, आकृति तथा संरचनात्मक विवरण।

धारा 24(1)

10. ऐसा प्रत्येक बाट या माप, जो किसी संव्यवहार में अथवा संरक्षण के लिए उपयोग में लाया जाता है अथवा उपयोग में लाया जाना आशयित है, उसकी भौतिक विशेषताएँ, आकृति, संरचनात्मक विवरण, सामग्री, कार्यशीलता, सहनसीमा और ऐसे अन्य विवरण, अधिनियम अथवा विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 के अधीन विहित विनिर्देशों के अनुरूप होंगे।

बुलियन बाट, कैरट बाट आदि का उपयोग।

धारा 24(1)

11. (1) विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 में यथा विनिर्दिष्ट बुलियन बाटों से भिन्न किसी अन्य बाट का उपयोग, सोने, चांदी, प्लेटिनम और पैलेडियम इत्यादि से बने आभूषणों या अन्य बहुमुल्य वस्तुओं सहित बुलियन में किसी संव्यवहार में नहीं किया जाएगा।

(2) विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 में यथा विनिर्दिष्ट कैरेट बाट से भिन्न किसी अन्य बाट का उपयोग, बहुमूल्य रत्नों के किसी भी संव्यवहार में नहीं किया जाएगा।

(3) प्रत्येक नकद रसीद, बीजक, बिल या अनुमान पर्ची में, बहुमूल्य रत्नों के किसी भी संव्यवहार के सम्बन्ध में कैरेट वजन की इकाइयों और इकाइयों की अंतर्राष्ट्रीय प्रणाली द्वारा विनिर्दिष्ट इकाइयों, अर्थात किलोग्राम, ग्राम या मिलीग्राम, जैसी भी स्थिति हो, दोनों का मात्रा के लिए उल्लेख किया जाएगा।

(4) नकद रसीद, बीजक, बिल या अनुमान पर्ची में, बुलियन में प्रत्येक संव्यवहार के सम्बन्ध में, तौल उपकरणों के उपयोगकर्ता को शुद्व बुलियन वजन और बहुमूल्य धातु एवं बहुमूल्य रत्नों के लिए अलग–अलग राशि सहित बहुमूल्य धातुओं जैसे सोना, चांदी, प्लेटिनम, पैलेडियम आदि की शुद्वता का उल्लेख 'कैरेट' या 'पार्ट्स प्रति हजार', जैसी भी स्थिति हो, के अनुसार होगाः

परन्तु उपभोक्ताओं से तौल उपकरणों के उपयोगकर्ता द्वारा पुरानी बहुमूल्य धातुओं जैसे सोना, चांदी, प्लेटिनम, पैलेडियम इत्यादि या ऐसी पुरानी बहुमूल्य धातुओं के आभूषणों की खरीद से सम्बन्धित प्रत्येक संव्यवहार में, ऐसा उपयोगकर्ता संव्यवहार के पूरा होने से पूर्व और इसके बाद बहुमूल्य धातु और बहुमूल्य रत्नों के लिए पृथक रूप से शुद्व बुलियन वजन और राशि सहित ऐसी पुरानी बहुमूल्य धातुओं या ऐसी पुरानी बहुमूल्य धातुओं के आभूषणों, जैसी भी स्थिति हो, की शुद्वता का 'कैरेट' या 'पार्ट्स' 'प्रति हजार', जैसी भी स्थिति हो, के अनुसार नकद रसीद, बिजक, बिल या अनुमान पर्ची में उल्लेख करेगा।

(5) विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 में यथा विनिर्दिष्ट केवल वर्ग क या वर्ग ख के तुलादंड या उच्च यथार्थता वर्ग (वर्ग–।।) या विशेष यथार्थता वर्ग (वर्ग–।) का गैर–स्वचालित तौल उपकरण, जो एक मिलीग्राम या उससे कम सत्यापन स्केल अंतराल वाले हैं, उप–नियम (1) और (2) में निर्दिष्ट संव्यवहार में उपयोग किए जाएंगे।

(6) विधिक माप विज्ञान अधिकारी, नियन्त्रक द्वारा यथा विनिर्दिष्ट ऐसे ढंग का उपयोग करते हुए किसी भी बहुमूल्य धातु, जो बुलियन में किसी भी संव्यवहार में बेची जाती है, शुद्वता का निरीक्षण और परीक्षण 'कैरेट' या 'पार्ट्स प्रति हजार', जैसी भी स्थिति हो, के अनुसार कर सकता है। निरीक्षण और परीक्षण के प्रयोजन हेतु, विधिक माप विज्ञान अधिकारी को नियंत्रक द्वारा ऐसे उपकरण, जो आवश्यक हो, की आपूर्ति की जा सकती है।

बाट या माप का सत्यापन और निरीक्षण।

धारा 24(1)

12. (1) किसी भी संव्यहार या संरक्षण के लिए किसी भी बाट या माप का उपयोग करने वाला प्रत्येक व्यक्ति, सत्यापन के लिए ऐसे बाट या माप को उस तिथि को या उससे पहले, जिसको सत्यापन अपेक्षित है, सत्यापन प्राधिकारी, जिसके अधिकार क्षेत्र में इसे उपयोग में लाया जाता है, के कार्यालय में या ऐसे अन्य स्थान पर, जो सत्यापन प्राधिकारी द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट किया जाए, पर प्रस्तुत करेगाः

परन्तु ऐसा विनिर्माता, जिसे केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार द्वारा सरकारी अनुमोदित परीक्षण केन्द्र के रूप में अनुमोदित किया गया है, उसके द्वारा निर्मित ऐसे बाट या माप के स्व–सत्यापन के लिए पात्र होगा;

परन्तु यह और कि जहां कोई बाट या माप ऐसे स्वरूप का है, जिसे उसके स्थान से हटाया नहीं जा सकता है या हटाया नहीं जाना चाहिए, ऐसे बाट या माप का उपयोग करने वाला व्यक्ति, सत्यापन प्राधिकारी को उस तिथि, जिसको सत्यापन करवाना अपेक्षित है, से कम से कम तीस दिन पहले रिपोर्ट करेगा।

(2) जहां कोई बाट या माप ऐसे स्वरूप का है, जिसे उसके स्थान से हटाया नहीं जा सकता है या हटाया नहीं जाना चाहिए, सत्यापन प्राधिकारी ऐसे बाट या माप को उसकी अवस्थिति के स्थान पर ही उसका सत्यापन करने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।

(3) उप–नियम (2) में निर्दिष्ट बाट या माप के सत्यापन हेतु, उपयोगकर्ता ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा, जो नियंत्रक द्वारा विनिर्दिष्ट की जाएं।

(4) सत्यापन के लिए प्रस्तुत प्रत्येक बाट या माप स्वयं में पूर्ण होगा, जिसमें मोहर भी शामिल है।

(5) प्रत्येक बाट या माप को साफ–सुथरी अवस्था में सत्यापित किया जाएगा और यदि आवश्यक हो, तो सत्यापन प्राधिकारी द्वारा स्वामी या उपयोगकर्ता से इस प्रयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्था करने की अपेक्षा की जाएगी।

(6) कोई भी विधिक माप विज्ञान अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र के भीतर किसी भी पूर्व–पैक्ड वस्तु, बाट या माप, जिसका उपयोग किसी भी संव्यहार या संरक्षण के लिए किया जा रहा है या किया जाना आशयित है या किए जाने की संभावना है, का निरीक्षण और परीक्षण करने के लिए, यथासंभव बार–बार, प्रत्येक परिसर का दौरा कर सकता है। विधिक माप विज्ञान अधिकारी, सत्यापन या निरीक्षण के प्रयोजन हेतु, परीक्षण बाट या माप, मानक बाट या माप, कार्यकारी मानक बाट या माप, या किसी अन्य ज्ञात बाट या माप का उपयोग कर सकता है।

(7) उपयोगकर्ता द्वारा किसी भी बाट या माप के सत्यापन से पहले केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी प्रतिरूप का अनुमोदन प्रमाणपत्र, सत्यापन प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा। ऐसे बाट या माप का उपयोगकर्ता प्रतिरूप का अनुमोदन के ऐसे प्रमाणपत्र की एक प्रति अनुरक्षित रखेगा। सत्यापन प्राधिकारी प्रतिमान का अनुमोदन में ऐसे प्रमाणपत्र की संख्या को अनुसूची-XXII में यथा विहित सत्यापन प्रमाणपत्र में भी शामिल करेगा।

(8) सत्यापन के प्रमाणपत्र की वैधता और किसी भी बाट या माप के सत्यापन के लिए नियतकालिक अंतराल ऐसे होंगे, जो विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 में विहित हैं।

बाट या माप का स्टाम्पन। धारा 24(1)

13. (1) सत्यापन प्राधिकारी, यदि सत्यापन के बाद, उसका यह समाधान हो जाता है कि ऐसा बाट या माप अधिनियम द्वारा या उसके अधीन स्थापित मानकों के अनुरूप है, तो वह प्रत्येक बाट या माप पर केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार, जैसी भी स्थिति हो, में समुचित प्राधिकारी द्वारा जारी की गई समरूप डिजाइन की मोहर लगाई जाएगी, जो प्रशासनिक प्रयोजन हेतु, सत्यापन प्राधिकारी, जिसके द्वारा स्टाम्पित की गई है, द्वारा आबंटित संख्या को इंगित करेगी:

परन्तु यदि किसी बाट या माप के आकार या प्रकृति के कारण उस पर मोहर लगाना वांछनीय या व्यवहार्य नहीं है, तो सत्यापन प्राधिकारी ऐसी कार्यवाही करेगा, जो नियंत्रक द्वारा सामान्य या विशेष आदेश द्वारा लिखित में निर्देश दिए जाएं।

(2) सत्यापन प्राधिकारी, सिवाए उसके जब ऐसे बाट या माप के आकार या प्रकृति के कारण ऐसा करना अव्यवहार्य हो, प्रत्येक सत्यापित बाट या माप पर स्टाम्पन का वर्ष और उस की तिमाही चिह्नित करेगा।

व्याख्या: एक वर्ष चार तिमाहियों से मिलकर बनेगा, जिसकी प्रथम तिमाही जनवरी, फरवरी और मार्च के मास की होगी जिसे 'क' के रूप में चिह्नित किया जाएगा, द्वितीय तिमाही अप्रैल, मई और जून के मास की होगी जिसे 'ख' के रूप में चिह्नित किया जाएगा; तृतीय तिमाही जुलाई, अगस्त और सितंबर के मास की होगी, जिसे 'ग' के रूप में चिह्नित किया जाएगा और चतुर्थ तिमाही अक्टूबर, नवम्बर और दिसंबर के मास की होगी जिसे 'घ' के रूप में चिह्नित किया जाएगा।

(3) सत्यापन और स्टाम्पन के पूरा होने पर, सत्यापन प्राधिकारी अनुसूची–XXII में निर्दिष्ट प्ररूप में सत्यापन का प्रमाणपत्र जारी करेगा:

परन्तु जहां सत्यापन सरकारी अनुमोदित परीक्षण केंद्र द्वारा किया गया है, वहां सत्यापन चिह्न तथा प्रमाणपत्र ऐसा होगा, जो विधिक माप विज्ञान (सरकारी अनुमोदित परीक्षण केंद्र) नियम, 2013 और राज्य सरकार द्वारा, समय–समय पर इस सम्बन्ध में बनाए गए नियमों में यथा विहित होंगे।

(4) सत्यापन पर अस्वीकृत किए गए किसी भी बाट या माप को आवश्यक मरम्मत के लिए उपयोगकर्ता को वापस कर दिया जाएगा और मरम्मत के बाद ऐसे बाट या माप को सत्यापन फीस के भुगतान पर नए सिरे से सत्यापन के लिए स्वीकार किया जा सकता है।

(5) जहां सत्यापन प्रमाणपत्र गुम हो जाता है या नष्ट हो जाता है या विकृत हो जाता है, तो ऐसे प्रमाणपत्र का धारक, सत्यापन प्रमाणपत्र की प्रतिलिपि जारी करने के लिए सत्यापन प्राधिकारी, जिसने प्रमाणपत्र जारी किया था, को नियन्त्रक द्वारा यथा विनिर्दिष्ट रीति में, ऐसी फीस, जो पांच सौ रूपए अथवा सत्यापन फीस, जो सत्यापन के समय प्रभार्य सत्यापन फीस के दसवे हिस्से के बराबर होगी, जो भी अधिक हो, के साथ तुरन्त आवेदन करेगा।

(6) उप–नियम (5) के अधीन आवेदन प्राप्त होने पर, सत्यापन प्राधिकारी आवेदक को डूप्लीकेट (प्रतिलिपि) सत्यापन प्रमाणपत्र जारी करेगा।

(7) ऐसा व्यक्ति, जिस को सत्यापन का प्रमपाणपत्र जारी किया गया है, वह उस परिसर में किसी सहजदृश्य स्थान पर प्रमाणपत्र प्रदर्शित करेगा, जिसमें बाट या माप का उपयोग किया जाता है:

परन्तु भ्रमणशील विक्रेता के मामले में, संबंधित विक्रेता प्रमाणपत्र अपने पास रखेगाः

परन्तु यह और कि वाहन टैंक और टैक्सीमीटर के मामले में, सत्यापन प्रमाणपत्र ऐसे वाहन के साथ रखा जाएगा।

सत्यापन और/या स्टाम्पन के लिए फीस।
धारा 24(1)

14. (1) विधिक माप विज्ञान अधिकारी के मामले में, किसी बाट या माप के सत्यापन और/या स्टाम्पन के लिए भुगतान योग्य फीस अनुसूची-XXIII में यथा विनिर्दिष्ट अनुसार होगी और सरकारी अनुमोदित परीक्षण केन्द्र के मामले में, किसी बाट या माप के सत्यापन और स्टाम्पन के लिए भुगतान योग्य फीस, विधिक माप विज्ञान (सरकारी अनुमोदित परीक्षण केन्द्र) नियम, 2013 अथवा राज्य सरकार द्वारा, समय समय पर इस निमित्त यथा विहित नियमों के अनुसार होगी।

(2) उपनियम (1) में दी गई किसी बात के होते हुए भी, यदि उपयोगकर्ता के अनुरोध पर, सत्यापन प्राधिकारी के कार्यालय से भिन्न किसी अन्य स्थान में बाट या माप का सत्यापन किया जाना अपेक्षित है, तो विधिक माप विज्ञान अधिकारी के मामले में, उपयोगकर्ता द्वारा किसी बाट या माप के सत्यापन और/या स्टाम्पन के लिए अनुसूची-XXIII में यथा विनिर्दिष्ट फीस के डेढ गुणा फीस का भुगतान किया जाएगा और इसके साथ–साथ उपरोक्त सत्यापन और/या स्टाम्पन के लिए आवश्यक अन्य सुविधाए भी उपलब्ध करवाएगा। सरकारी अनुमोदित परीक्षण केन्द्र के मामले में, उपयोगकर्ता द्वारा किसी बाट या माप के सत्यापन और/या स्टाम्पन के लिए फीस, विधिक माप विज्ञान (सरकारी अनुमोदित परीक्षण केन्द्र) नियम, 2013 अथवा राज्य सरकार द्वारा, समय समय पर इस निमित्त यथा विहित नियमों में यथा विहित अनुसार होगीः

परन्तु यदि उपयोगकर्ता बाट या माप के सत्यापन और/या स्टाम्पन के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवाता है, तो सत्यापन प्राधिकारी उपरोक्त के सम्बन्ध में उपयोगकर्ता से अनुसूची–XXIV और विधिक माप विज्ञान (सरकारी अनुमोदित परीक्षण केन्द्र) नियम, 2013 अथवा राज्य सरकार द्वारा, समय समय पर इस निमित्त बनाए गए नियमों में यथा विहित परिवहन और हैंडलिंग प्रभार प्रभारित करेगा।

परन्तु निम्नलिखित यथावत किसी भी बाट या माप के सत्यापन और/या स्टाम्पन के लिए कोई अतिरिक्त फीस प्रभारित नहीं की जाएगी, अर्थात:–

(i) पेट्रोलियम पदार्थों तथा अन्य द्रव्यों के लिए वाहन की टंकी, पानी से भिन्न अन्य द्रव्यों के लिए माप प्रणाली (ईन्धन वितरक, द्रवित पैट्रोलियम गैस, दूध वितरक), सम्पीडित प्राकृतिक गैस वितरक, गैर–स्वचालित तौल यंत्र जैसे धर्मकांटा, प्लेटफार्म मशीन, क्रेन स्केल, स्वचालित ग्रेविमेट्रिक (भारात्मक) फिलिंग यंत्र, स्वचलित रेल धर्मकांटा, स्वचालित असतत योगीकरण तौल यंत्र, और ऐसे अन्य बाट या माप, जिन्हें उनके स्थान से हटाया नहीं जा सकता और हटाया नहीं जाना चाहिए;

(ii) ऐसे बाट या माप के विनिर्माता या व्यवहारी के परिसर में बाट या माप।

(3) यदि सत्यापन और/अथवा स्टाम्पन के प्रमाणन की समाप्ति के बाद, सत्यापन प्राधिकारी को पुनः सत्यापन और/अथवा स्टाम्पन के लिए कोई बाट या माप प्रस्तुत किया जाता है, तो ऐसे पुनः सत्यापन और/अथवा स्टाम्पन के लिए प्रथम तिमाही, द्वितीय तिमाही, तृतीय तिमाही, चतुर्थ तिमाही या उसके भाग के लिए फीस, अनुसूची–XXIII में विनिर्दिष्ट फीस का क्रमशः डेढ गुणा, दो गुणा, अढाई गुणा और तीन गुणा होगी और आगे इसी प्रकार प्रभारित की जाएगी।

(4) यदि सत्यापन/निरीक्षण के समय पर कोई बाट या माप गलत पाया जाता है, तो बाट या माप में पाए गए दोषों के बारे में सम्बन्धित व्यक्ति को सूचित करते हुए उसे आठ दिन की अनधिक अवधि के भीतर दोषों को दूर करते हुए उपरोक्त बाट या माप को व्यवस्थित करने के लिए वापस कर दिया जाएगा। आवश्यक व्यवस्थीकरण किए जाने उपरान्त, सही पाए जाने पर ऐसे बाट या माप को अनुसूची-XXIII में विनिर्दिष्ट फीस के भुगतान पर सत्यापित और/अथवा स्टाम्पित किया जाएगा।

फीस का संग्रहण और खजाने में जमा करवाना।
धारा 24(1)

15. (1) विधिक माप विज्ञान अधिकारी द्वारा सत्यापन और/अथवा स्टाम्पन के लिए किसी व्यक्ति से संगृहीत की गई फीस को समुचित लेखा–शीर्ष के अधीन सरकारी खजाना में जमा करवाया जाएगा और अनुसूची-XXV में निर्दिष्ट प्ररूप में सम्बन्धित व्यक्ति को रसीद जारी करेगा और ऐसी रसीद की प्रति, नियन्त्रक को अग्रेषित करेगाा और उसकी एक प्रति रिकार्ड में भी रखेगा।

(2) विधिक माप विज्ञान अधिकारी, अनुसूची-XXVI में फीस और प्रभारों के लिए रजिस्टर अनुरक्षित करेगा, जिसमें दिन–प्रतिदिन संगृहीत की गई फीस और प्रभारों के विवरण दर्ज किए जाएंगे।

विधिवत सत्यापित और/या स्टाम्पित बाट या माप की वैधता।

धारा 24(1)

16. (1) किसी बाट या माप, जिसे इन नियमों के अधीन विधिवत सत्यापित और/या स्टाम्पित किया गया है, को हरियाणा राज्य के भीतर प्रत्येक स्थान पर अधिनियम द्वारा या इसके अधीन स्थापित मानकों के अनुरूप समझा जाएगा, जब तक कि निरीक्षण या जांच करने पर यह पाया जाता है कि ऐसा बाट या माप, अधिनियम द्वारा या इसके अधीन स्थापित मानकों के अनुरूप नहीं रह गया है।

(2) किसी बाट या माप, जो अधिनियम के अधीन विधिवत सत्यापित और/या स्टाम्पित है, अथवा सत्यापित और/या स्टाम्पित किया गया समझा गया है, को केवल इस तथ्य कि उसका उपयोग उस स्थान, जिस पर इसे मूल रूप से सत्यापित और/या स्टाम्पित किया गया था, से भिन्न हरियाणा राज्य के भीतर किसी भी अन्य स्थान पर किया जा रहा है; के कारण पुनः सत्यापित और/या स्टाम्पित करवाने की आवश्यकता नहीं होगीः

परन्तु जहां एक स्थान पर स्थापित सत्यापित बाट या माप को विखंडित कर दिया जाता है और किसी अन्य स्थान पर पुनः स्थापित किया जाता है, तो ऐसे बाट या माप को तब तक उपयोग में नहीं लाया जाएगा जब तक कि उसे पुनः विधिवत सत्यापित और/या स्टाम्पित नहीं किया गया हो अथवा सत्यापन और/या स्टाम्पन का प्रमाणपत्र जारी नहीं किया हो, जैसी भी स्थिति हो, इस बात के होते हुए भी कि ऐसे बाट या माप का नियतकालिक सत्यापन और/या स्टाम्पन अपेक्षित नहीं हुआ हैः

परन्तु यह और कि जहां उस स्थान से भिन्न किसी अन्य स्थान/अवस्थिति पर किसी बाट या माप की मरम्मत की गई है, जहां इसे उपयोग में लाया जाना है, मरम्मतकर्ता, ऐसे बाट या माप, जिसकी उसके द्वारा विधिवत मरम्मत की जाए, उपयोगकर्ता को सौंपने से पहले, उस विधिक माप विज्ञान अधिकारी के समक्ष सत्यापन और/या स्टाम्पन के लिए प्रस्तुत करेगा, जिसके अधिकार क्षेत्र में इसे उपयोग में लाया जाना है, इस बात के होते हुए भी कि ऐसे बाट या माप का नियतकालिक सत्यापन और/या स्टाम्पन अपेक्षित नहीं हुआ है।

कार्यकारी मानक, द्वितीयक मानक, उपकरण इत्यादि की आपूर्ति करना।

धारा 24(1)

17. (1) विधिक माप विज्ञान अधिकारी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए कार्यकारी मानक बाट या माप/द्वितीयक मानक बाट या माप, परीक्षण बाट या माप, कार्यकारी मानक तुला, द्वितीयक मानक तुला और ऐसे अन्य बाट या माप उपकरणों सहित ऐसे अन्य उपकरण प्रदान किए जाएंगे, जो समय–समय पर नियंत्रक द्वारा अनुमोदित किए जाएं।

(2) प्रत्येक विधिक माप विज्ञान अधिकारी को ऐसी डाई, पंच, पेपर सील, स्टिकर और ऐसे अन्य उपकरण प्रदान किए जाएंगे, जो सत्यापन मोहर लगाने के लिए आवश्यक हो सकते हैं, जिनका डिजाइन और संख्या नियंत्रक द्वारा अनुमोदित की जाएगी।

(3) प्रत्येक विधिक माप विज्ञान अधिकारी को मोहरों को मिटाने के लिए अष्टकोण स्टार डाई के उपयुक्त आकार के पंच प्रदान किए जाएगे।

बाट या माप इत्यादि का उपयोग।

धारा 24(1)

18. (1) अपने परिसर में किसी भी संव्यवहार में डण्डी वाली तराजू का उपयोग करने वाला प्रत्येक व्यक्ति तराजू को स्टैंड या हुक द्वारा एक जंजीर से लटकाएगाः

परन्तु उक्त उप–नियम भ्रमणशील विक्रेता पर लागू नहीं होगा।

(2) प्रत्येक बाट या माप का उपयोग साफ–सुथरी अवस्था में और उचित प्रकाश व्यवस्था में किया जाएगा।

(3) कोई भी बाट या माप, जिसे यथावत सत्यापित और/या स्टाम्पित किया गया है, को नियंत्रक या संबंधित विधिक माप विज्ञान अधिकारी की लिखित अनुमति के बिना उसे उसके स्थान से विखण्डित या हटाया नहीं जाएगा।

(4) सभी घटकों, भागों, बाट या माप के बिंदु, जो धोखा–धड़ी वाली हेर–फेर की आशंका वाले हों, उन्हें सत्यापन के बाद सुरक्षित रूप से सील किया जाएगा, जहां कहीं लागू हो।

(5) तौल उपकरण की सटीकता की उचित जांच सुनिश्चित करने के लिए, उपयोगकर्ता प्रत्येक माप उपकरण के स्थान पर, उपकरण की क्षमता के दसवें हिस्से या एक हजार किलोग्राम, जो भी कम हो, के बराबर विधिवत सत्यापित और/या स्टाम्पित बाट रखेगा। उपयोगकर्ता सही वजन सुनिश्चित करने के लिए हर दिन इन बाटों के साथ तौल उपकरण की जांच करेगा। अनुज्ञेय सीमा से अधिक किसी भी त्रुटि के मामले में, उपयोगकर्ता ऐसे तौल उपकरण का उपयोग करना बंद कर देगा और सम्बन्धित विधिक माप विज्ञान अधिकारी को इसे फिर से सत्यापित और/या स्टाम्पित करने के लिए सूचित करेगा। उपभोक्ता भी तौल उपकरण की सटीकता की जांच कर सकता हैः

परन्तु नियंत्रक उन व्यापार परिसरों, जहां तौल उपकरणों की संख्या एक से अधिक है, में अनुरक्षित किए जाने वाले सत्यापित और/या स्टाम्पित बाटों की कुल संख्या निर्दिष्ट कर सकता है।

(6) खुदरा व्यवहारी, पेट्रोल/डीजल इकाई से उचित वितरण सुनिश्चित करने के लिए अपने पंप परिसर में संबंधित विधिक माप विज्ञान अधिकारी द्वारा सत्यापित पांच लीटर क्षमता वाला माप रखेगा और प्रत्येक पेट्रोल/डीजल इकाई की नोजल से सही वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिदिन नोजल से पेट्रोल/डीजल की निकासी की जांच करेगा। किसी पेट्रोल/डीजल इकाई की नोजल से पेट्रोल/डीजल के कम वितरण के मामले में, खुदरा व्यवहारी उपरोक्त नोजल से पेट्रोल/डीजल का वितरण करना तुरन्त बंद कर देगा और उस पेट्रोल/डीजल इकाई को फिर से सत्यापन करने के लिए सम्बन्धित विधिक माप विज्ञान अधिकारी को सूचित करेगा।

(7) उपयोगकर्ता प्रत्येक सीएनजी, एलएनजी, एलपीजी, हाईड्रोजन और अन्य गैसीय ईन्धन डिस्पैन्सरों के लिए परीक्षण सत्यापन यन्त्र का उपयोग करेगा और विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011, विधिक माप विज्ञान (सरकारी अनुमोदित परीक्षण केंद्र) नियम 2013 और राज्य सरकार द्वारा, समय–समय पर इस सम्बन्ध में बनाए गए नियमों में अधिकथित प्रक्रिया की भी अनुपालना करेगा।

(8) नियंत्रक या संबंधित विधिक माप विज्ञान अधिकारी, बाट या माप या पहले से पैक्ड की गई वस्तु की अभिरक्षा रखने वाले व्यक्ति से किसी भी बाट या माप या पहले से पैक्ड की गई वस्तु से सम्बन्धित किसी भी दस्तावेज या अन्य रिकॉर्ड या जानकारी के प्रस्तुतीकरण की अपेक्षा करेगा और उक्त व्यक्ति ऐसी मांग की अनुपालना करेगा।

(9) यदि उपयोगकर्ता अपने स्वामित्वाधीन और उस द्वारा प्रयुक्त किसी भी बाट या माप को बेचने का आशय रखता है, तो वह उपरोक्त बाट या माप को बेचने से पूर्व नियंत्रक या संबंधित विधिक माप विज्ञान अधिकारी की अनुमति प्राप्त करेगा।

(10) किसी भी संव्यवहार में किसी भी बाट या माप का उपयोग करने वाला प्रत्येक व्यापारी, प्रत्येक उपभोक्ता को बेचे गए या खरीदे गए माल की मात्रा और माल के लिए प्रभारित की गई राशि के विवरण दर्शाते हुए बिल या रसीद जारी करेगा।

अपराधों के प्रशमन हेतु प्रशमन धनराशि।
धारा 48(1) एवं धारा 53(2)(च)

19. अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन किए गए अपराधों के प्रशमन के लिए प्रशमन धनराशि ऐसी होगी, जो अनुसूची-XXVIII के अनुसार है। प्रशमन धनराशि समुचित ''लेखा शीर्ष'' के अधीन सरकारी खजाने में जमा करवाई जाएगी:

परन्तु किसी ऐसे व्यक्ति, जो अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए नियमों, के उपबन्धों का उल्लंघन करता है, को उपरोक्त उल्लंघन के संबंध में अनुसूची-XXVII के अनुसार सुधार नोटिस जारी किया जाएगा, जहां भी लागू हो।

अपील।
धारा 50

20. इस अधिनियम या इन नियमों के उपबन्धों के अधीन की गई किसी कार्रवाई या किए गए किसी आदेश के विरूद्ध अपील, अनुसूची-XXX के अनुसार फीस के साथ अनुसूची–XXIX में संबंधित अपील प्राधिकारी को की जाएगी।

शास्ति।
धारा 53(3)

21. जो कोई भी इन नियमों के किसी भी उपबन्ध का उल्लंघन करता है, जिसके उल्लंघन के संबंध में शास्ति बारे अधिनियम में कोई उपबन्ध नहीं किया गया है, तो वह ऐसी शास्ति, जो एक लाख रूपए तक की हो सकेगी, के लिए दायी होगा। उपरोक्त के अतिरिक्त पंजीकरण प्रमाण–पत्र या सत्यापन प्रमाण–पत्र, जैसी भी स्थिति हो, का निलंबन या प्रतिसंहरण भी किया जाएगा।

अनुसूची का संशोधन।

22. राज्य सरकार, आदेश द्वारा, इन नियमों से संलग्न अनुसूची को संशोधित कर सकती है।

निरसन और व्यावृत्ति।

23. हरियाणा विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम, 2011, इसके द्वारा, निरसित किए जाते हैः

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन की गई कोई बात या की गई कोई कार्रवाई, इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन की गई बात या की गई कार्रवाई समझी जाएगी।

अनूसूची–I

[देखिए नियम 3]

क **भाग ख में विनिर्दिष्ट वस्तुओं से भिन्न (पैक्ड वस्तुओं से भिन्न) में बाट, माप और संख्या का प्रयोग**

(क) वजन, यदि वस्तु ठोस, अर्ध–ठोस, चिपचिपी या ठोस के मिश्रण तथा द्रव्य के रूप में बेची जाती है;

(ख) लम्बाई, यदि वस्तु रेखीय माप द्वारा बेची जाती है;

(ग) क्षेत्र, यदि वस्तु क्षेत्र माप द्वारा बेची जाती है;

(घ) मात्रा, यदि वस्तु द्रव्य के रूप में या क्युबिक माप द्वारा बेची जाती है; या

(ङ) संख्या, यदि वस्तु संख्या द्वारा बेची जाती है।

ख **निम्नलिखित वस्तुएं (पैक्ड वस्तुओं से भिन्न) वस्तु के विरूद्व दर्शाए गए अनुसार वजन, माप या संख्या द्वारा बेची जाएं:**

क्रम संख्या	वस्तु	यदि घोषणा वजन, माप या संख्या के रूप में या उनमें से दो या अधिक के रूप में अभिव्यक्त की जानी है।
1	एरोसोल उत्पाद	वजन
2	तरल रूप में एसिड	वजन या मात्रा
3	ऑटोगैस (ऑटोमोबाइल के लिए तरल पेट्रोलियम गैस)	आयतन
4	संपीडित या तरलीकृत गैस (किन्तु तरलीकृत पेट्रोलियम गैस नहीं)	वजन और बताए गए तापमान और दबाव पर वजन या समतुल्य मात्रा
5	संपीड़ित प्राकृतिक गैस	वजन
6	तरल नाइट्रोजन	वजन या मात्रा
7	तरलीकृत प्राकृतिक गैस	वजन
8	मक्खन (मूंगफली का मक्खन सहित), पनीर, दही, घी	वजन
9.	विद्युत केबल, बिजली के तार, बाड़ लगाने के तार	लम्बाई या वजन
10	फल और सब्जियां	संख्या या वजन
11	भट्टी का तेल	वजन या मात्रा
12	बालों का तेल (बिना सुगंधित)	वजन या मात्रा
13	भारी अवशिष्ट ईंधन तेल	वजन
14	शहद, माल्ट अर्क, गोल्डन सिरप ट्रेकल, गुड़	वजन
15	आइसक्रीम और इसी प्रकार अन्य जमे हुए उत्पाद	वजन
16	औद्योगिक डीजल ईंधन	आयतन
17	अलसी का तेल और अन्य वनस्पति तेल	वजन या मात्रा
18	तरल रसायन	वजन या मात्रा
19	तरल पेट्रोलियम गैस	वजन
20	किल, लकड़ी के पेंच	संख्या या वजन
21	पेंट (पेस्ट पेंट या ठोस पेंट के अलावा), तथा वार्निश और वार्निश स्टेयर, इनेमल	आयतन
22	"पापड़"	संख्या या वजन
23	"समोसा", "कचौरी", "गोलगप्पा", "टिक्की", "डोसा", "इडली", "लिट्टी"	संख्या
24	चाय, कॉफी, जूस, पेय (शीतल पेय सहित)	आयतन या संख्या (घोषित आयतन के साथ)

	25	सलाद, पकी हुई दाल/ सब्जी व्यंजन/ बिरयानी	वजन या संख्या (घोषित वजन के साथ)
	26	पेस्ट पेंट, ठोस पेंट	वजन
	27	प्लास्टिक या सिरेमिक या धातु के सामान	वजन या संख्या
	28	मिठाई	वजन या संख्या
	29	नमकीन (मसालेदार)	वजन
	30	पॉपकॉर्न, स्वीट कॉर्न	वजन या संख्या (घोषित वजन के साथ)
	31	रेडीमेड वस्त्र	संख्या और आकार
	32	सॉस, सभी प्रकार	वजन
	33	स्टील और लोहा	वजन (आयामों के साथ)
	34	कपड़ा	वजन या लम्बाई
	35	टायर और ट्यूब	संख्या
	36	सूत	सूत का वजन या लम्बाई

UNCOMPLYCATED Simplifying Compliance

अनुसूची–II
[देखिए नियम 5(1)]

विनिर्माता के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन

सेवा में,

.....

.....

क्रम संख्या	वस्तु का विवरण	आवेदक द्वारा भरा जाना है	विधिक माप विज्ञान अधिकारी की टिप्पणी
1	आवेदक की श्रेणी (व्यक्तिगत/एचयूएफ/फर्म/कंपनी/सोसाइटी/विभाग/न्यास/अन्य)		
2	आवेदक का नाम (एचयूएफ/ फर्म/ कंपनी/ सोसाइटी/ विभाग/ न्यास / अन्य के मामले में फर्म /कम्पनी आदि का नाम भरे)		
3	(क) प्रमाण सहित आवेदक का पता । (ख) विनिर्माण इकाई का पता (यदि पंजीकृत कार्यालय का पता अलग है) (ग) क्या परिसर स्वामित्व में है/किराए पर लिया गया है/पट्टे पर लिया गया है (दस्तावेज से विधिवत समर्थित)।		
4	स्थापना की तिथि (फर्म/ कंपनी/ सोसाइटी/ विभाग/ न्यास / अन्य के मामले में)		
5	व्यक्तिगत/मालिक/भागीदार/निदेशक/सदस्य(यों), जैसा लागू हो, का नाम, आधार संख्या और पता, प्रमाण के साथ		
6	(क) वैट/जीएसटी की पंजीकरण संख्या (ख) व्यावसायिक कर की पंजीकरण संख्या, यदि लागू हो (ग) पैन/टैन का विवरण		
7	विनिर्माण इकाई में विनिर्माण या अन्य गतिविधियों की प्रकृति जिसके लिए पंजीकरण किया जाना है।		
8	निर्मित किए जाने वाले प्रस्तावित बाट या माप की श्रेणियां (प्रत्येक श्रेणी का विवरण दिया जाना है): (क) सभी प्रकार के बाट (ख) क्षमता माप, लम्बाई माप आदि। (ग) बीमतराजू, काउंटर स्केल आदि। (घ) गैर–स्वचालित तौल उपकरण (ङ) स्वचलित तौल उपकरण (च) आयतन मापने के उपकरण (छ) अन्य {इन नियमों की अनुसूची–X और विधिक मापन विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 में सलंग्न अनुसूचियों के अनुसार}		
9	नियोजत किए गए/नियोजित किए जाने के लिए प्रस्तावित व्यक्तियों की संख्या। (i) कुशल (ii) कुशल से अन्यथा		

UNICOMPLYCATE Simplifying Compliance

10	(क) ऐसा मोनोग्राम या ट्रेडमार्क जिसे निर्मित किए जाने वाले बाट या माप पर अंकित किया जाना हो (ख) क्या ट्रेडमार्क पंजीकृत है या नहीं? यदि हां, तो विवरण दें।		
11	बाट या माप के निर्माण के लिए प्रयुक्त मशीनरी, उपकरण, सहायक उपकरण का विवरण।		
12	बिजली कनेक्शन की उपलब्धता। विवरण दें।		
13	क्या आपने पहले इस राज्य में या कहीं और विनिर्माता के अनुज्ञप्ति/पंजीकरण प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया है? यदि हां, तो विवरण दें।		
14	(क) निर्मित किए जाने वाले प्रस्तावित वस्तु(ओं) के लिए भारत सरकार से प्राप्त मॉडल अनुमोदन प्रमाणपत्रों का विवरण (ख) क्या विनिर्मित की जाने वाली प्रस्तावित वस्तुएं राज्य के भीतर या राज्य के बाहर या दोनों में बेची जाएंगी?		
15	जमा किए गए पंजीकरण शुल्क का विवरण (जैसा कि अनुसूची–X में विनिर्दिष्ट है): (क) राशि (₹) (ख) जीआरएन संख्या (ग) सीआईएन संख्या (घ) दिनांक		

आवेदक द्वारा घोषणा

यह घोषणा की जाती है कि मैंने/हमने विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 (2010 को केन्द्रीय अधिनियम 1) हरियाणा विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम, 2026 और उक्त अधिनियम के अधीन बनाए गए सभी अन्य नियमों को पढ़ लिया है। मैं/हम उक्त अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए सभी नियमों के उपबंधों की पालना करने के लिए सहमत हूँ/हैं। उपरोक्त के अतिरिक्त इस संबंध में केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार और नियंत्रक द्वारा, समय–समय पर, जारी किए गए सभी आदेशों और निर्देशों की भी पालना करने के लिए सहमत हूँ/हैं।

ऊपर दी गई सभी जानकारी मेरे/हमारे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सत्य और सही है और इसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है। यदि उपरोक्त तथ्य/जानकारी किसी भी स्तर पर असत्य या गलत पाई जाती है, तो मैं/हम विधि के अनुसार किसी भी कार्रवाई का सामना करने के लिए उत्तरदायी हुंगा/होंगे।

स्थानः .....

दिनांकः .....

प्राधिकृत हस्ताक्षकर्ता का

हस्ताक्षर, नाम और पदनाम

UNOFFICIAL COMPLYCATE Simplifying Compliance

अनूसूची–III

[देखिए नियम 5(1)]

मरम्मतकर्ता के पंजीकरण के लिए आवेदन

सेवा में,

.....

.....

क्रम संख्या	मद का विवरण	आवेदक द्वारा भरा जाना है	विधिक माप विज्ञान अधिकारी की टिप्पणी
1	आवेदक की श्रेणी (व्यक्तिगत/एचयूएफ/ फर्म/ कंपनी/ सोसाइटी/ विभाग/ न्यास/अन्य)		
2	आवेदक का नाम (एचयूएफ/ फर्म/ कंपनी/ सोसाइटी/ विभाग/ न्यास/ अन्य के मामले में फर्म /कम्पनी आदि का नाम भरे)		
3	(क) प्रमाण के साथ आवेदक का पता (ख) कार्यशाला/मरम्मत इकाई का पता (यदि पंजीकृत कार्यालय का पता भिन्न है) (ग) क्या परिसर स्वामित्व में है/किराए पर लिया गया है/पट्टे पर लिया गया है, (दस्तावेजों द्वारा विधिवत समर्थित)		
4	स्थापना की तिथि (फर्म/कंपनी/सोसाइटी/विभाग /न्यास/अन्य के मामले में)		
5	व्यक्तिगत/मालिक/भागीदारों/निदेशक(कों)/सदस्य(ओं), जैसा लागू हो, का नाम, आधार संख्या और पते के प्रमाण के साथ		
6	(क) वैट/जीएसटी की पंजीकरण संख्या (ख) व्यावसायिक कर की पंजीकरण संख्या, यदि लागू हो (ग) पैन/टैन का विवरण		
7	मरम्मत के लिए प्रस्तावित वजन या माप की श्रेणियां (प्रत्येक श्रेणी का विवरण दिया जाना है): (क) सभी प्रकार के बाट (ख) क्षमता माप, लम्बाई माप आदि {नीचे क्रम संख्या (छ) और (ज) में वर्णित वस्तुओं से भिन्न} (ग) बीम तराजू, काउंटर स्केल इत्यादि। घ) गैर–स्वचालित तौल उपकरण श्रेणी–I और II {नीचे क्रम संख्या (झ) से भिन्न} (ङ) गैर–स्वचालित तौल उपकरण श्रेणी–III और IV {नीचे क्रम संख्या (झ) से भिन्न} (च) स्वचालित तौल उपकरण (छ) टैंक लोरी (ज) भंडारण टैंक (झ) धर्म कांटा (ञ) आयतन मापने के उपकरण (ट) अन्य {इन नियमों की अनुसूची–X और विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 से सलंग्न अनुसूचियों के अनुसार}		
8	नियोजित किए गए/नियोजित किए जाने के लिए प्रस्तावित व्यक्तियों की संख्या (i) कुशल (ii) कुशल से भिन्न		

9	संचालन का क्षेत्रः (क) केंद्र (विधिक माप विज्ञान अधिकारी का क्षेत्र जिसके अधिकार क्षेत्र में, मरम्मतकर्ता की कार्यशाला स्थित है) (ख) पूरा जिला (यदि वहां किसी जिले में एक से अधिक केंद्र हैं) (ग) पूरा राज्य		
10	नियंत्रक द्वारा जारी कौशल प्रमाणपत्र का विवरण		
11	बाट या माप की मरम्मत के लिए प्रयुक्त मशीनरी, उपकरण, सहायक उपकरण का विवरण		
12	बिजली कनेक्शन की उपलब्धता का विवरण		
13	क्या आपके पास सत्यापित परीक्षण बाट और माप इत्यादि का पर्याप्त स्टॉक है? विवरण दें।		
14	क्या आपने पहले इस राज्य में या कहीं और मरम्मतकर्ता की अनुज्ञप्ति/पंजीकरण प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया है? यदि हां, तो विवरण दें।		
15	कुशल कर्मकार का विवरण		

क्रम संख्या	कुशल कर्मकार का नाम और पिता का नाम	कौशल के क्षेत्र का नाम	कौशल प्रमाणपत्र की संख्या और तिथि

16	जमा की गई पंजीकरण फीस का विवरण (जैसा कि अनुसूची–X में निर्दिष्ट है): (क) राशि (₹) (ख) जीआरएन संख्या (ग) सीआईएन संख्या (घ) दिनांक		

आवेदक द्वारा घोषणा

यह घोषणा की जाती है कि मैंने/हमने विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 (2010 को केन्द्रीय अधिनियम 1) हरियाणा विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम, 2026 और उक्त अधिनियम के अधीन बनाए गए सभी अन्य नियमों को पढ़ लिया है। मैं/हम उक्त अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए सभी नियमों के उपबंधों की पालना करने के लिए सहमत हूँ/हैं। उपरोक्त के अतिरिक्त इस संबंध में केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार और नियंत्रक द्वारा, समय–समय पर, जारी किए गए सभी आदेशों और निर्देशों की भी पालना करने के लिए सहमत हूँ/हैं।

ऊपर दी गई सभी जानकारी मेरे/हमारे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सत्य और सही है और इसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है। यदि उपरोक्त तथ्य/जानकारी किसी भी स्तर पर असत्य या गलत पाई जाती है, तो मैं/हम विधि के अनुसार किसी भी कार्रवाई का सामना करने के लिए उत्तरदायी हुंगा/होंगे।

स्थानः ..... प्राधिकृत हस्ताक्षकर्ता का

दिनांकः ..... हस्ताक्षर, नाम और पदनाम

UNOMPLYCATE Simplifying Compliance

अनूसूची–IV

[देखिए नियम 5(1)]

व्यवहारी के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन

सेवा में,

.....

.....

क्रम संख्या	मद का विवरण	आवेदक द्वारा भरा जाना है	विधिक माप विज्ञान अधिकारी की टिप्पणी
1	आवेदक की श्रेणी (व्यक्तिगत / एचयूएफ / फर्म / कंपनी / सोसाइटी / विभाग / न्यास / अन्य)		
2	आवेदक का नाम (एचयूएफ / फर्म / कंपनी / सोसाइटी / विभाग / न्यास / अन्य के मामले में फर्म /कम्पनी आदि का नाम भरे)		
3	क) प्रमाण के साथ आवेदक का पता। ख) दुकान / स्थापना का पता (यदि पंजीकृत कार्यालय का पता भिन्न है) ग) क्या परिसर स्वामित्व में है / किराए पर लिया गया है / पट्टे पर लिया गया है, (दस्तावेजों द्वारा विधिवत समर्थित)।		
4	स्थापना की तिथि (फर्म / कंपनी / सोसाइटी / विभाग / न्यास / अन्य के मामले में)		
5	व्यक्तिगत / मालिक / भागीदारों / निदेशक(कों) / सदस्य, जैसा लागू हो, का नाम, आधार संख्या और पते के प्रमाण के साथ		
6	(क) वैट / जीएसटी की पंजीकरण संख्या (ख) व्यावसायिक कर की पंजीकरण संख्या, यदि लागू हो (ग) पैन / टैन का विवरण		
7	बेचे जाने के लिए प्रस्तावित बाट या माप की श्रेणियां (प्रत्येक श्रेणी का विवरण दिया जाना है): (क) बाट (ख) क्षमता माप, लम्बाई माप आदि। (ग) बीमतराजू, काउंटर स्केल आदि। (घ) गैर–स्वचालित तौल उपकरण (ङ) स्वचालित तौल उपकरण (च) आयतन मापने के उपकरण (छ) अन्य {इन नियमों की अनुसूची–X और विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 से सलंग्न अनुसूचियों के अनुसार}		
8	क्या आप राज्य / देश के बाहर के स्थानों से लाए / आयात किए गए बाट या माप आदि को बेचना चाहते हैं? यदि हां, तो आपूर्ति के स्रोत को इंगित करें और प्रदान करें: (क) विनिर्माता के ट्रेडमार्क / मोनोग्राम का विवरण और पंजीकरण प्रमाणपत्र विवरण। (ख) बाट या माप के आयातक की पंजीकरण संख्या, यदि कोई हो। (ग) केन्द्रीय सरकार द्वारा मॉडल के अनुमोदन का विवरण ।		
9	क्या आपने पहले इस राज्य में या कहीं और व्यवहारी की अनुज्ञप्ति / पंजीकरण प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया है, ? यदि हां, तो विवरण दें।		

10	जमा की गई पंजीकरण फीस का विवरण (जैसा कि अनुसूची–X में विनिर्दिष्ट हैं): (क) राशि (₹) (ख) जीआरएन संख्या (ग) सीआईएन संख्या (घ) दिनांक		

आवेदक द्वारा घोषणा

यह घोषणा की जाती है कि मैंने/हमने विधिक माप विज्ञान अधिनियम, 2009 (2010 को केन्द्रीय अधिनियम 1) हरियाणा विधिक माप विज्ञान (प्रवर्तन) नियम, 2026 और उक्त अधिनियम के अधीन बनाए गए सभी अन्य नियमों को पढ़ लिया है। मैं/हम उक्त अधिनियम और इसके अधीन बनाए गए सभी नियमों के उपबंधों की पालना करने के लिए सहमत हूँ/हैं। उपरोक्त के अतिरिक्त इस संबंध में केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार और नियंत्रक द्वारा, समय–समय पर, जारी किए गए सभी आदेशों और निर्देशों की भी पालना करने के लिए सहमत हूँ/हैं।

ऊपर दी गई सभी जानकारी मेरे/हमारे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सत्य और सही है और इसमें कुछ भी छिपाया नहीं गया है। यदि उपरोक्त तथ्य/जानकारी किसी भी स्तर पर असत्य या गलत पाई जाती है, तो मैं/हम विधि के अनुसार किसी भी कार्रवाई का सामना करने के लिए उत्तरदायी हुंगा/होंगे।

स्थान: ..... प्राधिकृत हस्ताक्षकर्ता का

दिनांक: ..... हस्ताक्षर, नाम और पदनाम

UNCOMPLYCATE Simplifying Compliance

अनुसूची–V

[देखिए नियम 5(1) तथा 5(3)]

बाट तथा माप–तोल के विनिर्माता, मरम्मतकर्ता व व्यवहारी के लिए पंजीकरण फीस

क्रम संख्या	पंजीकरण शुल्क	राशि (₹)
1	विनिर्माता के लिए	50000/– बाट या माप की प्रत्येक श्रेणी/मॉडल के लिए
2	मरम्मतकर्ता के लिए	(i) 20000/– बाट या माप की प्रत्येक श्रेणी/सटीकता वर्ग के लिए, एक केंद्र के लिए (ii) 50000/– बाट या माप की प्रत्येक श्रेणी/सटीकता वर्ग के लिए, जिले के लिए, जहां एक से अधिक केंद्र हैं। (iii) 150000/– बाट या माप की प्रत्येक श्रेणी/सटीकता वर्ग के लिए, राज्य के लिए
3	व्यवहारी के लिए	20000/– बाट या माप की सभी श्रेणियों के लिए

UNCOMPLYCATED Simplifying Compliance

अनूसूची–VI

[देखिए नियम 5(2)]

बाट या माप के निर्माण के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्र

संख्या...../वर्षः.....

1. इसके द्वारा..... {पंजीकृत व्यक्ति (व्यक्तियों) का नाम और पता} को बाट या माप की निम्नलिखित श्रेणियों का निर्माण करने के लिए पंजीकरण का प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता हैः

क्रम संख्या	बाट या माप का विवरण

2. यह पंजीकरण प्रमाण पत्र केवल ऊपर निर्दिष्ट आवेदक की..... पर स्थित उनकी विनिर्माण इकाई के लिए मान्य है

3. विनिर्माता नीचे दिए गए निबन्धों और शर्तों का पालन करेगा उसके द्वारा ऐसा करने में विफलता की दशा में यह पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द किए जाने के लिए दायी है।

4. विनिर्माता द्वारा उपयोग किया जा रहा ट्रेडमार्क/मोनोग्राम निम्नानुसार है .....

